नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

हिंदी विश्वविद्यालय का 19वाँ स्थापना दिवस समारोह

केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पाण्डेय होंगे मुख्य अतिथि

हिंदी साहित्यकारों को दिया जाएगा 'हिंदी सेवी सम्मान'

सुखदेव छात्रावास एवं अन्नपूर्णा मंडमप का होगा उदघाटन

वर्धा, 28 दिसंबर 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय का 19वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में पूर्वाह्न 11.00 बजे आयोजित समारोह में प्रख्यात साहित्यकार डॉ. इंद्रनाथ चौधुरी मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा देंगे। विश्वविद्यालय की ओर से इस वर्ष का हिंदी सेवी सम्मान डॉ. इंद्रनाथ चौधुरी, दिल्ली, डॉ. रंजना अरगड़े, अहमदाबाद, डॉ. टी. आर. भट्ट, कर्नाटक, डॉ. चंद्रकांत पाटिल, औरंगाबाद एवं डॉ. अमिताभ शंकर राय चौधरी, उत्तर प्रदेश को दिया जाएगा। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद





मिश्र उपस्थित रहेंगे।

मुख्य समारोह के पहले केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री गांधी हिल्स स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। उनके द्वारा विश्वविद्यालय के सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास के अन्नपूर्णा मंडपम का उदघाटन किया जाएगा। वे सुखदेव छात्रावास का उदघाटन करेंगे एवं निर्माणाधीन छात्रावासों का अवलोकन करेंगे। समता भवन के प्रांगण में लगे पुस्तक मेले का भ्रमण करेंगे तथा स्टूडियो एवं संग्रहालय का अवलोकन करेंगे। इस अवसर पर कुछ पुस्तकों का लोकार्पण भी किया जाएगा।